दिन–सोमवार

दिनांक– 27 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे।

02. समान नागरिक संहिता–यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है।

03. प्रदेश के अधितर हिस्सों में धूप खिलने से ठंड से मिली राहत। पटना समेत अधिकांश जिलों में आठवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन आज से शुरू।

04. और, उत्तराखंड के देहरादून में कल से शुरू हो रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी होंगे शामिल।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में अठारह मित्र देशों के एक सौ चौवालीस युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध छह सौ पचास से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

———————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस पर विशेष रूप से आमंत्रित किसानों से बातचीत की और आधुनिक कृषि तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्री चौहान ने **खेत से उपभोक्ता तक** मॉडल के क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस मॉडल का उद्देश्य किसानों को अपनी उपज सीधे उपभोक्ताओं को बेचने में सक्षम बनाना,

बिचौलियों की भूमिका कम करना और किसानों के लिए अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना है।

——————————————————————

समान नागरिक संहिता—यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है। उत्तराखंड देश में यह अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विनियमों की मंजूरी और संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण सहित अधिनियम लागू करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यूसीसी का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करना है। इस अधिनियम के लागू हो जाने से अनुसूचित जनजातियों के अलावा राज्य के सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति अधिकार सहित व्यक्तिगत मामलों के लिए समान नियम और अधिकार सुनिश्चित होंगे। इसके तहत सभी विवाहों और लिव—इन—रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य बनाया गया है।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आज पूर्णियां में होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित हो गई है। संशोधित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अब कल पूर्णियां जायेंगे। वे उनतीस जनवरी को कटिहार और तीस जनवरी को मधेपुरा में रहेंगे।

——————————————————————

राज्य सरकार ने तृतीय अनुपूरक बजट को लेकर सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को पत्र लिखकर तीस जनवरी तक प्रस्ताव जमा करने का निर्देश दिया है। राजकोषीय व्यवस्था और बजट के प्रावधानों के अनुसार प्रस्ताव के पाए जाने पर ही उसे तृतीय अनुपूरक विवरणी में शामिल किया जाएगा। विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा।

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभाग अपने पुलों की संरचना का स्वतंत्र एजेंसी से अंकेक्षण कराएगा। पुलों की सुरक्षा के मानदंड निर्धारित होंगे और उनका हेल्थ कार्ड बनाया जायेगा। पुल संधारण नीति पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री सिन्हा ने पुलों की वास्तविक स्थिति के आकलन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी तकनीक के उपयोग पर जोर दिया।

---

प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में उपलब्ध वन भूमि और सरकारी गैर वन भूमि को नगर वन और नगर वाटिका के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि इस संबंध में व्यापक कार्य योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि नगर वन और वाटिका का विकास दो हेक्टेयर से दस हेक्टेयर क्षेत्र में किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि योजना के तहत गया, भागलपुर, बांका, रोहतास और गोपालगंज में छह स्थानों पर नगर वन और वाटिका विकसित की जा चुकी है।

---

दरभंगा के आईटीआई रामनगर पंडासराय में आज एक दिवसीय प्रमंडल स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। वहीं औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण इंटर विद्यालय में भी आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेले में कई निजी कंपनियों के भाग लेने की संभावना है। नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक छह पांच छह पांच छह पर प्राप्त की जा सकती है।

---

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की बिहार शाखा की ओर से आज से गोल्डन हेल्थ कार्ड बनाने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इस कार्ड के माध्यम से साल में तीन बार स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। सोसाईटी के बिहार शाखा के

अध्यक्ष डॉक्टर विनय बहादुर सिन्हा ने बताया कि इस सुविधा के लिए पंजीकरण के समय लोगों को सौ रुपये का भुगतान करना होगा। पंजीकरण के समय आधार कार्ड और फोटो की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि पंजीकृत लोग साल में तीन बार या आवश्यकता होने पर स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं।

———————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक——

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला उनतीस जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भारी भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भीड़ पर नजर रखने तथा संगम पर अत्यधिक श्रद्धालुओं के जुटने पर नियंत्रण के लिए सक्रिय कर दिया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए हैं।

———————————————————————

गृह मंत्री अमित शाह आज महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज जाएंगे। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल पर पवित्र जल में डुबकी भी लगाएंगे। गृह मंत्री का पुरी और द्वारका के शंकराचार्य सहित कई संतों से मिलने का कार्यक्रम है।

———————————————————————

प्रयागराज में महाकुंभ विभिन्न पहल और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई संगठनों ने महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। अधिकांश हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इस अवधि के दौरान हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाईट–––

इधर, पटना और आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह से धूप खिली हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––

ठंड में कमी के मद्देनजर पटना समेत प्रदेश के अधिकांश जिला प्रशासन ने आज से आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में पठन–पाठन की अनुमति प्रदान कर दी। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने अपने आदेश में कहा है कि स्कूलों का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––

शिक्षा विभाग ने कहा है कि परमानेंट रिटायरमेंट एकाउंट नंबर, पीआरएएन होने के बाद ही विशिष्ट शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जायेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश निर्गत किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––

उत्तराखंड के देहरादून में कल से शुरू हो रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी शामिल होंगे। यह राष्ट्रीय खेलों में बिहार की अब तक की सबसे बड़ी टीम है। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने बताया कि टीम में उनासी महिला और इकहत्तर पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अठारह खेल विधाओं में अपनी प्रतिभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि बिहार के दल का नेतृत्व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविन्द्रनाथ चौधरी करेंगे। प्रतियोगिता में ओलंपियन श्रेयसी सिंह

बिहार के दल की ध्वजवाहक होंगी। सैंतीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार की टीम ने नौ पदक जीते थे।

———————————————————————

प्रदेश के अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस मे नामांकन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इन विद्यालयों में कक्षा एक और कक्षा छह में नामांकन होगा। पहली कक्षा के लिए नामांकन लॉटरी पद्धति से होगा, जबकि छठी कक्षा में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाईल्ड छात्रवृति के पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्राएं योजना के लिए आठ फरवरी तक आवेदन कर सकती हैं।

———————————————————————

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित फौकानिया और मौलवी की संपन्न हुई परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन एक फरवरी से होगा। इसके लिए राज्य भर में सात केन्द्र बनाए गए हैं और दो हजार दो सौ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। बोर्ड के अनुसार परीक्षाफल का प्रकाशन मार्च महीने के पहले सप्ताह में कर दिया जायेगा।

———————————————————————

पटना के बाईपास पर लगातार दो दिनों से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। गांधी सेतु पर पाया संख्या सात के पास देर रात तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इससे सेतु पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। जीरो माइल, बड़ी पहाड़ी, छोटी पहाड़ी, बैरिया बस स्टैंड होते हुए अनिसाबाद गोलंबर तक जाम की स्थिति बनी हुई है।

---

बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच तीन सौ उन्नीस पर एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे।

02. समान नागरिक संहिता–यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है।

03. प्रदेश के अधिकत हिस्सों में धूप खिलने से ठंड से मिली राहत। पटना समेत अधिकांश जिलों में आठवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन आज से शुरू।

04. और, उत्तराखंड के देहरादून में कल से शुरू हो रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी होंगे शामिल।

---

समाप्त